स0सं0–3 / नि0सं0–31 / 2025

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विनोद कुमार पाठक,
सरकार के उप सचिव ।

अनौपचारिक रूप से परामर्शित

सेवा मे,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0),
वीर चन्द पटेल पथ, बिहार, पटना ।

पटना, दिनाक :

विषयः डा0(स्व0) धर्मेन्द्र प्रसाद, तत्कालीन चिकित्सा पदाधिकारी (भूतपूर्व असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, मधेपुरा) का दिनाक 06.09.2002 से 04.11.2003 तक की अवधि को विनियमित करने के संबंध मे ।

द्वारा : वित्त विभाग ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सबध में कहना है कि **डा0(स्व0) धर्मेन्द्र प्रसाद, तत्कालीन चिकित्सा पदाधिकारी (भूतपूर्व असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, मधेपुरा)** जब पिलग्रीम अस्पताल, गया मे उपाधीक्षक के पद पर थे तो विभागीय अधिसूचना संख्या–537(3), दिनांक–09.05 2002 के द्वारा निलबन हो गये थे। आरोप प्रमाणित नहीं होने के कारण डा0 प्रसाद को विभागीय अधिसूचना संख्या–1124(3), दिनाक–06.09.2002 से निलबन मुक्त कर दिया गया ।

02 निलंबन मुक्त होने के पश्चात् डा0 प्रसाद दिनांक 06 09 2002 को स्वास्थ्य विभाग (मुख्यालय), मे योगदान देकर दिनांक 06 09.2002 से 03.11.2003 तक पदस्थापन की प्रतीक्षा मे रहे। विभागीय अधिसूचना सख्या 1215(3) दिनांक 03.11.2003 से डा0 प्रसाद का पदस्थापन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, भोजपुर, आरा के पद पर किया गया। जिसके आलोक में डा0 प्रसाद के द्वारा दिनाक 04.11.2003 को अपराह्न मे नवपदस्थापित पद का प्रभार ग्रहण किया गया ।

03 उक्त वर्णित स्थिति में डा0(स्व0) धर्मेन्द्र प्रसाद का दिनांक 06.09 2002 से 04.11.2003 तक की प्रभार रहित अवधि को निम्नवत रूप में विनियमित किया जाता है:–

i	दिनांक 06.09.2002 से 14.04.2003 तक	पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि के रूप में (उपस्थिति साक्ष्य के आधार पर)।
ii	दिनांक 15.04.2003 से 17 04.2003 तक	असाधारण अवकाश के रूप में (उपस्थिति पजी मे उपस्थिति दर्ज नहीं रहने के कारण) ।
iii	दिनाक 18.04.2003 से 29 10.2003 तक	पदस्थापन की प्रतीक्षा अवधि के रूप में (उपस्थिति साक्ष्य के आधार पर)।
iv	दिनाक 30.10.2003 से 03.11 2003 तक	असाधारण अवकाश के रूप में (उपस्थिति पंजी में उपस्थिति दर्ज नही रहने के कारण) ।
v	दिनांक 04.11 2003	पदग्रहण काल के रूप में।

04. प्रस्ताव मे वित्त विभाग की सहमति एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

विश्वासभाजन

ह0/–

(विनोद कुमार पाठक)

ज्ञापाक 211 (3) /स्वा0, पटना, दिनाक 5/3/26

प्रतिलिपिः वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपिः सचिव, स्वास्थ्य के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपिः असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, मधेपुरा/सबधित कोषागार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपिः विद्या प्रसाद पति–स्व0(**डा0**) धर्मेन्द्र प्रसाद (भूतपूर्व असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, मधेपुरा), पत्राचार का पता–रघुनाथ टोला, अनीसाबाद, पटना–800002 को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपिः प्रशाखा पदाधिकारी–2,7 एव 18ए को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपिः आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/3/26

सरकार के उप सचिव

E:\AK\2025\Letter & Order 07 01 2025 docx-05122025-20022026-23022026